Re: Establishment of new Kendriya Vidyalays in Nagaur Parliamentary Constituency, Rajasthan

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): मैं माननीय शिक्षा मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र व जिला नागौर के क्रमश: खींवसर, परबतसर, डीडवाना तथा मेड़ता में नवीन केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग की तरफ आकर्षित करते हुए उन्हें यह अवगत करवाना चाहता हूं कि मेरे द्वारा लंबे समय से यह मांग की जा रही है जिसके क्रम में जिला कलेक्टर नागौर ने शासन-उप सचिव शिक्षा विभाग राजस्थान के माध्यम से निर्धारित प्रपत्रों में उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर को प्रस्ताव प्रेषित किए थे, चूंकि केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भौतिक निरीक्षण में कुछ कमियां पाई गई जिसके क्रम में जिला कलेक्टर द्वारा 3 नवंबर 2021 को क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर को पाई गई कमियों को दुरुस्त करवाने की बात कही थी। चूंकि 25 मार्च, 2022 को क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर के अधिकारियों की एक समिति का गठन किया गया था और उक्त समिति ने जो कमियां पाई उनके समाधान हेतु आप पुनः क्षेत्रीय कार्यालय, केंद्रीय विद्यालय संगठन जयपुर को निर्देशित करें कि कमियों का समाधान कैसे निकाला जा सकता है। उस हेतु केंद्रीय विद्यालय संगठन, जयपुर जिला प्रशासन नागौर से समन्वय स्थापित करें तथा लगातार व जल्द से जल्द उन कमियों में सुधार हेतु आवश्यक तकनीकी मदद भी जिला प्रशासन नागौर की करें। मेरा संसदीय क्षेत्र व जिला नागौर भौगोलिक रूप से बहुत ज्यादा विस्तारित है और दशको से यहां के लोग अच्छे शैक्षणिक संस्थान की राह देख रहे हैं और नागौर संसदीय क्षेत्र के खींवसर, डीडवाना, परबतसर तथा मेड़ता में नवीन केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पास लंबे समय से विचाराधीन भी हैं और राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन, नागौर नए के. वी. हेतु आवश्यक जमीन व वांछित संसाधनों की उपलब्धता करवाने हेतु प्रतिबद्ध है। ऐसे में सरकार , मेरे संसदीय क्षेत्र की विस्तृत भौगोलिक स्थिति, आर्थिक रुप से पिछड़े तथा मरुस्थलीय क्षेत्र को देखते हुए नियमों में शिथिलता देते हुए उक्त स्थानों पर जल्द से जल्द नवीन केंद्रीय विघालय स्वीकृत करने के आदेश कराये।

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 29 मार्च, 2023 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

14.07 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on

Wednesday, March 29, 2023/Chaitra 08, 1945 (Saka)

INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

http://www.parliamentofindia.nic.in

http://www.loksabha.nic.in

LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business

in Lok Sabha (Sixteenth Edition)